**Financial Assistance from International Agencies for preparation of Investment Surveys in Jammu and Kashmir**

2380. SHRIMATI PARVATI DEVI: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is proposed to seek financial assistance from international agencies like the Commonwealth Secretariat and UNDP for preparation of investment surveys of extensive nature to open new vistas of development like forest in Jammu & Kashmir State; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI H M PATEL): (a) and (b). Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

**Recruitment of Ex-Servicemen as Airport Officers**

2381. SHRI SUKHDEO PRASAD VERMA: Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the International Airport Authority of India had set up a panel of selected candidates for recruitment of Airport Officers during the year 1975 and 1976;

(b) if so, the facts thereof including detailed list of such selected candidates for the posts;

(c) whether out of such selected candidates quite a good number of candidates belonged to ex-servicemen group;

(d) the details of such ex-servicemen of various wings of armed forces so selected and steps taken to rehabilitate these candidates on priority basis; and

(e) if not, given the appointments, the reasons therefor and also steps being contemplated now to rehabilitate them immediately?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (SHRI PURUSHOTTAM KAUSHIK): (a) Yes, Sir. The International Airports Authority of India had prepared a panel on 1-12-1975 on the basis of open selection and another panel on 2-11-1976 for departmental promotion to fill up the posts of Airport Officer.

(b) and (c). The detailed list of the two panels drawn up by the Authority is laid on the Table of the House [*Placed in Library. See* No. LT-1771/78]. The two panels together contained the names of 10 Ex-Servicemen

(d) All the 10 ex-servicemen included in the two panels have been appointed/promoted as Airport Officers. 5 of these belong to the Army, 3 to Air Force and 2 to Navy.

(e) Does not arise

**विमान यात्रियो को सामान देने में विलम्ब**

2382. **श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की** कृपा करेंगे कि ।

(क) क्या यह मच है कि विमान मे यात्रा करने वाले यात्रियो को अपनी यात्रा पूरी करने के पश्चात् सामान लेने के लिए एक घंटे से दो घंटे तक प्रतीक्षा करनी पडती है, जबकि उनकी यात्रा डेढ घंटे अथवा एक घंटे मे भी कम होती है और यदि हां तो सामान को तत्काल देने और इसके लिए अच्छी तथा सरल व्यवस्था करने के बारे में मरकार को कोई सुझाव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो दिये गये मुझावों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या 20 किलोग्राम के बजाय 30 किलोग्राम सामान ले जाने की अनुमति देने के बारे में कोई सुझाव प्राप्त हुआ है ?

**पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) :** (क) जी नहीं ।

सामान देने मे इंडियन एयरलाइन्स द्वारा औसतन 15 से 30 मिनट का समय लिया जाता है। तथापि अतिव्यस्त सभी हवाई अड्डो पर सामान के देने मे लगने वाले समय को और घटाने के बारे मे आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।

(ख) जी, नही।

**मध्य प्रदेश में हवाई अड्डो पर जलपान केन्द्र**

2383 **श्री हुकम चन्द कछवाय** क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) मध्य प्रदेश के सभी हवाई अड्डो पर जलपान केन्टीनो और अन्य बिक्री केन्द्रो की सख्या कितनी है और उन्हें किन शर्तों पर एलाट किया गया है,

(ख) क्या पिछले अनेक वर्षों से उनका किराया नही दिया गया है और यदि हा, तो ऐसे कितने होटल-मालिक और दुकानदार है जिनसे अभी तक किराया वसूल नही किया गया है, और

(ग) हवाई अड्डो पर ठेके पर दिये गये होटलो और अन्य दुकानो से गत तीन वर्ष के दौरान वर्षवार कितनी आय हुई ?

**पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक)** :(क) मध्य प्रदेश मे छ हवाई अड्डे हैं जहा इडियन एयरलाइस अपनी अनुसूचित सेवाए परिचालित कर रही है। फिलहाल चार हवाई अड्डो, अर्थात इदौर, खजुराहो, ग्वालियर तथा भोपाल मे जल-पान सुविधाएं उपलब्ध है। इनके लिए केटरिंग लाइसेंस टैंडर मंगवा कर नीचे बताई गई शर्तों के आधार पर दिए गए हैं—

**इंदौर** : केटरिंग लाइसेंस 1-6-1976 के तीन वर्ष की अवधि के लिए 200/- रुपये प्रतिमास की दर से लाइसेंस शुल्क के भुगतान के आधार पर दिया गया है जो बिजली, पानी तथा स्थानीय कर आदि जैसे अन्य प्रभारो, यदि कोई हो के अलावा है।

**खजुराहो** केटरिंग लाइसेंस 1-8-1975 से तीन वर्ष की अवधि के लिए 225/- रुपये प्रतिमास की दर से लाइसेस शुल्क के भुगतान के आधार पर दिया गया है जो बिजली, पानी तथा स्थानीय कर आदि जैसे अन्य प्रभारो यदि कोई हो के अलावा है।

**ग्वालियर** . केटरिंग लाइसेस 1-4-1977 से एक वर्ष की अवधि के लिए 75/- रुपये प्रति मास की दर से लाइसस शुल्क और सिग्रेट तथा तबाकू की बिक्री पर हुए लाभ के 50 प्रतिशत के भुगतान के आधार पर दिया गया है जो बिजली, पानी तथा स्थानीय कर आदि जैसे अन्य प्रभारो, यदि कोई हो, के अलावा है।

**भोपाल** केटरिंग लाइसेस 1-7-1977 से दो वर्ष के लिए 788/- रुपये प्रति मास की दर से लाइसेस शुल्क के भुगतान के आधार पर दिया गया है जो बिजली पानी तथा स्थानीय कर आदि जैसे अन्य प्रभारो, यदि कोई हो, के अलावा है।

**रायपुर/जबलपुर** : इन हवाई अड्डा पर कोई भी खान-पान सुविधाए उपलब्ध नही है।

(ख) भोपाल की केंटीन के मालिक के अतिरिक्त किसी भी केंटीन मालिक पर सरकार का कोई पैसा बकाया नही है। उसने जनवरी तथा फरवरी 1978 के महीनो की 788/- रुपये प्रतिमास की दर से लाइसेस शुल्क की अदायगी नही की है।